खबर संक्षेप



## एचपीएससी ऑफिस के घेराव के लिए बनाई रणनीति

**कुरुक्षेत्र।** केडीबी रोड पर पेट्रोल पंप कार्यालय में एक बैठक का आयोजन कांग्रेस के युवा नेता हिमांशु अरोड़ा व युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप ढिल्लों हथीरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा के युवाओं के हक और पारदर्शी भर्ती की मांग को लेकर 17 फरवरी को पंचकूला में एचपीएससी ऑफिस के घेराव के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें सभी युवाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आश्वसन दिया। पंचकूला एचपीएससी कार्यालय घेराव में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब व प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया मुख्य तौर पर शामिल होंगे। कुरुक्षेत्र से 300 से 350 की संख्या में हिमांशु अरोड़ा व कुलदीप ढिल्लों हथीरा की अगुवाई में जाने का आश्वसन दिया।

## सांग महोत्सव हरियाणा का प्रमुख उत्सव : नरेन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग के



आदेशानुसार व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में धनपत सिंह सांग पुरस्कार के उपलक्ष्य में सांग महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि यह सांग महोत्सव 23 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक कलाकृति भवन हरियाणा कला परिषद के भरतमुनि रंगशाला के सभागार में आयोजित किया जाएगा।



## जितेन्द्र और देवी चरण शर्मा बने स्टार रक्तदाता

**कुरुक्षेत्र।** रक्तदान महादान के नारे को चरितार्थ करने वाले कुरुक्षेत्र की पावन धरा के निवासी जितेन्द्र एलाबाधी और देवी चरण शर्मा को स्टार रक्तदाता सम्मान से विभूषित किया गया। यह सम्मान उन्हें अनेक बार रक्तदान के लिए प्रदान किया गया। रक्तदान के क्षेत्र में वर्ष 1989 से सेवारत उत्तर भारत के पुलिस बल के सर्वोच्च रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रदान किया। प्रति माह डॉ. अशोक कुमार वर्मा ऐसे रक्तदाताओं को स्टार रक्तदाता से विभूषित कर रहे हैं जो अनेक बार रक्तदान कर चुके हैं। बता दें जितेन्द्र एलाबाधी और देवी चरण शर्मा नियमित रक्तदाता हैं।

### मंदिरों में आस्था का उमड़ा सैलाब, श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी

# शिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजे महादेव के जयकारे, भक्तों ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाशिवरात्रि पर शिवमंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया। इस दौरान शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। रविवार को देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। दुखभंजन महादेव, स्थाण्वीश्वर महादेव, कालेश्वर महादेव मंदिर, हरिओम मंदिर शास्त्री नगर, जयराम विद्यापीठ स्थित श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर, पिहोवा के अरुणाय स्थित महादेव मंदिर समेत सभी मंदिरों के द्वार सुबह चार बजे ही खोल दिए थे। इससे पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया। शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई। मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों में



**कुरुक्षेत्र।** दुखभंजन मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते शिव भक्त।

विशेष रूप से रुद्राभिषेक भी किया गया। दुखभंजन महादेव मंदिर व स्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर पर अलसुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की कतार लग गई। ग्रामीण क्षेत्रों व आसपास के जनपदों से श्रद्धालु शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए पहुंचे। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भीड़ उमड़ने को दृष्टिगत रखते हुए पुलिसकर्मी तैनात रहे। मंदिरों के बाहर बेलपत्र बेचने वालों की दुकानें लगी रहीं। शास्त्री नगर स्थित हरिओम मंदिर में शिवभक्तों ने जल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, फल-फूल, मिष्ठान, चढ़ाकर बड़े मनोयोग से पूजा-अर्चना कर विश्व के कल्याण की प्रार्थना की। मंदिर के पुजारी अरूण मिश्र ने बताया कि श्रद्घालुओं ने सुबह गंगाजल, दूध, दही, घी, पंचामृत के साथ भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र और धतूरा भी भोले शंकर को अर्पित किया। कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान शिव की आराधना करते हैं वे जीवन में सभी कष्टों और पाप से मुक्त हो जाते हैं। कहा कि शिव भगवान के वैसे तो अनेक नाम है जिनमें हमारे शास्त्रों में 108 नामों का उल्लेख मिलता है। शिवालयों में पूरे दिन भक्तों की भीड़ रही।



## ओम नमः शिवाय और बम बम भोले के जयकारे गूंजे

शाहबाद। सुबह 3 बजे शिव भक्तों और कावड़ियों ने आरती में हिस्सा लिया। तदोपरांत सबसे पहले हरिद्वार से कावड़ लेकर आए शिव भक्तों ने भगवान शिव लिंग का जलाभिषेक किया। उसके बाद नगर के हजारों शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने आक धतूरा बेलपत्र फल और फूल चढ़कर पूजा अर्चना की। पूरा शिवालय नमः शिवाय के उद्घोषों से गूंजते रहे। मंदिर सभा की ओर से प्रधान जगमोहन मनचंदा, वीरेंद्र ठुकराल, प्रवेश शर्मा, संजीव भसीन सहित मंदिर सभा के सदस्य और शिव भक्त मौजूद रहे। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइट और फूलों से सजाया गया। मगर के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखी गई। लोग ओम नमः शिवाय और बम बम भोले जय कारें लगाते देखे गए।



## महाशिवरात्रि पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक पर्व : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

**कुरुक्षेत्र।** महाशिवरात्रि का महत्व सामाजिक एकता, समरसता और सांस्कृतिक भाईचारे को बढ़ावा देने में निहित है। यह पर्व न केवल भगवान शिव और पार्वती के मिलन का उत्सव है, बल्कि समाज में सद्भाव, शांति और आपसी सहयोग को बढ़ाने वाला एक पवित्र अवसर भी है। यह लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और सामुदायिक भावना को मजबूत करने का मौका प्रदान करता है। यह विचार महाशिवरात्रि के पावन पर्व यह मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित शिव शक्ति संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित पार्थिव शिवलिंग पर अभिषेक से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने महाशिवरात्रि पर अपने विचार भी व्यक्त किये। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र और शिव शक्ति संवाद को सम्बोधित करते हुए कहा महाशिवरात्रि का दिन भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता को दशार्ता है और एक-दूसरे की परंपराओं को समझने का अवसर प्रदान करता है।



## प्रभातफेरी में सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में ...के भजन पर झूमे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा भगवान नगर पिपली में डॉ. राजीव अत्री के निवास स्थान पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजक परिवार के सदस्य डॉ. राजीव अत्री, हरपाल शर्मा, चमन लाल शर्मा, ललित अत्री, मीनाक्षी सहित समस्त क्षेत्र वासियों ने प्रभात फेरी में बढ़चढ़ कर भाग लिया। यह आयोजन अत्यंत उत्साह, भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। होली पर्व के उपलक्ष्य में शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस प्रभात फेरी में भजन रसिक सुनील वत्स तथा सहयोगियों द्वारा गाए गए सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में.... के भजन पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की स्तुति की और झूम उठे।



## सरस्वती नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**पिहोवा।** सरस्वती सरोवर के तट पर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। अल सुबह ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जो सायंकाल तक चलता रहा। भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी के सानिध्य में मनाए गए महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर दूध, दही, शहद, गन्ने का रस, विलब पत्र, भांग, धतूरा आदि से भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अपने सुखमय जीवन की कामना की। नगर के अनेक मंदिर व शिवालय ओम नमः शिवाय, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के उद्घोष से गूंज रहे थे। समस्त वातावरण शिव की भक्ति में रंगा दिखाई दिया। मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी महेश पुरी ने बताया कि भारी संख्या में भक्तों ने भगवान शिव के समक्ष नतमस्तक होकर मन्नतें मांगी। समाजसेवी लोगों एवं अनेक धार्मिक संस्थाओं की ओर से नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं की सेवा में भंडारे लगाए गए थे। शिवपुरी रोड स्थित श्री गोविंदानंद आश्रम में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा दिन भर नाना विधियों से भगवान शिव का अभिषेक कर रात्रि में चार पहर की पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा वार्ड नंबर 12 स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर, श्री वशिष्ठेश्श्वर महादेव प्रांची, श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में भी महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया गया।



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह व मौजूद अन्य।

## दर्रा खेड़ा पंचायती धर्मशाला में स्वास्थ्य शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी क्रम में 14वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 16 फरवरी को थानेसर विधानसभा में आयोजित किया जाएगा। यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 16 फरवरी को थानेसर की दर्रा खेड़ा पंचायती धर्मशाला सभा में आयोजित होगा। शिविर में नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, स्त्री रोग जांच एवं परामर्श, स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग, मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा किशोरी दीदी वैन के माध्यम से एनीमिया जांच एवं परामर्श जैसी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। जिन्दल हाउस कुरुक्षेत्र पर, इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा लेने के बाद सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का विजन स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का है ताकि स्वस्थ कुरुक्षेत्र विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान दे सके।

*रोटी बैंक की अर्धवार्षिक गोष्ठी में महत्वपूर्ण निर्णय लिए*

## भोजन के साथ-साथ शिक्षा को बढ़ावा देने पर सहमति

- रोटी बैंक के कार्यों को और सुचारु रूप से बढ़ाने के लिए प्रस्ताव पारित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रोटी बैंक द्वारा अर्धवार्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अर्धवार्षिक गोष्ठी में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया तथा भावी गतिविधियां निर्धारित की गई। रोटी बैंक के कार्यों को और सुचारु रूप से बढ़ाने के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। भोजन की गुणवत्ता के मापदंड निर्धारित करना, भोजन वितरण का समय और स्थान पर पुनर्विचार किया गया ताकि जरूरतमंद तक भोजन पहुँच सके। शिक्षा के क्षेत्र में भी रोटी बैंक का सहयोग निरंतर जारी रहेगा।



कुरुक्षेत्र। गोष्ठी में मौजूद रोटी बैंक के पदाधिकारी।

रोटी बैंक कर्मियों के उत्थान के लिए निर्णय लिए गए। रोटी बैंक कर्मी सीता द्वारा भोजन निर्माण के कार्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नकद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। रोटी बैंक कर्मियों द्वारा भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रत्येक माह प्रोत्साहित किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

गोष्ठी में प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश, उप प्रधान विश्व बेदी, महासचिव कर्म चंद, सचिव नरेश मैहता, अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह, संरक्षक सूरज कमल सेठ, कार्यकारी सदस्य डॉ. अरुण धीमान, सुषमा वर्मा और रसोई संचालिका सीता उपस्थित रहे।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद शिक्षकगण।

## शिक्षकों का सम्मान करने और छात्रों के विकास के लिए सहयोगी वातावरण बनाने की जरूरत

**कुरुक्षेत्र।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय एडूकेटिंग पेरेंट्स अबाउट एजुकेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसने ज्ञानवर्धन के एक दिन की शुरूआत की। एमपीपीएस परिवार ने मुख्य वक्ता सफीदों से सुमित कुमार और करनाल से बबीता मान का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने अभिभावकों की विद्यालय में सक्रिय भूमिका और शिक्षक-अभिभावक के बीच मजबूत संबंधों पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों का सम्मान करने और छात्रों के विकास के लिए सहयोगी वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। 60 शिक्षकों की भागीदारी से भरे इस सत्र ने परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक साबित हुआ। कार्यशाला अत्यधिक सफल रही, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रभावी संचार रणनीतियों पर मूल्यवान जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समापन एमपीपीएस परिवार द्वारा वक्ताओं को एक स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया, जिसमें शिक्षक समुदाय में उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार किया गया।



**थानेसर।** महाशिवरात्रि का शुभारंभ करते आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी।

## सत्संग ही हमारे जीवन का कर सकते हैं कल्याण : प्रकाश पुरी

**थानेसर।** राजेन्द्र नगर स्थित श्री अद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में महाशिवरात्रि के पर्व का शुभारंभ स्वामी अनंत प्रकाशानंद पुरी जी महाराज जी की कृपा से आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी एवं संत अगम पुरी जी महाराज ने अपने कर कमलों द्वारा ज्योति प्रचंड करके किया। संत प्रकाश पुरी जी महाराज ने संगत का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि यह महाशिवरात्रि का भंड़ारा सतगुरु देव श्रीस्वामी जी की कृपा से हर वर्ष बड़ी धूमधाम से किया जाता है। ये सत्संग भंड़ारे ये सब हमारे कल्याण के लिए किए जाते हैं। ना जाने उस परमपिता परमात्मा की कृपा कब हम जीवों पर बरस जाए और हमारे जीवन का कल्याण हो जाए। इस मौके पर आश्रम के संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, संत दर्शन पुरी खन्ना, संत आत्म विभोर पुरी पिहोवा, संत सनातन पुरी, संत त्रिलोक पुरी, संत पावन पुरी, संत दयाल पुरी, संत सहज पुरी, संत अनुराग पुरी, संत वेदांत पुरी, संत निश्चल पुरी, संत वीणा पुरी, महात्मा सुखधमार्नंद, महात्मा अवधेशानंद, महात्मा केशवानंद जालंधर, महात्मा गोपालानंद, महात्मा रामानंद, महात्मा हरदेवानंद आदि संतों ने संगत का मार्ग दर्शन किया।

**विकास** महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अभिनंदन व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

*गांव मडाडॉ में पंचायत के लगभग 11 लाख की लागत से निर्मित स्वागत द्वार का उद्घाटन किया*

# महाशिवरात्रि पर विकास की सौगात, डीडी शर्मा ने करोड़ों के कार्यों का किया लोकार्पण



पिहोवा। मंदिर में पूजा करते डीडी शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने जनसंपर्क अभियान के तहत हलके के विभिन्न गांवों—रामगढ़ रोड क्षेत्र, ठसका मीरा जी, मडाडॉ सहित अन्य गांवों—का दौरा किया और विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस दौरान रामगढ़ रोड पर जन स्वास्थ्य विभाग एवं पंचायत द्वारा लगभग 25 लाख रुपये की लागत से हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। गांव ठसका मीरा जी में करीब 17 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन व गलियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। गांव मडाडॉ में पंचायत द्वारा लगभग 11 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वागत द्वार का उद्घाटन किया गया।

### शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया

इसके अतिरिक्त अन्य गांवों में भी पेयजल, सड़क मरम्मत और सामुदायिक भवनों से जुड़े कार्यों का शुभारंभ किया गया। कुल मिलाकर लगभग 53 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया गया। गांवों में पहुंचने पर पंडित जय भगवान शर्मा का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर उन्होंने मंदिरों व शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया तथा देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने सभी हलका वासियों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### ये रहे मौजूद

मुख्य रूप से भाजपा मंडल प्रधान सुखबीर इसाक,विनोद डोलिया,साधुराम सैनी जिला सचिव , बलविंदर सरपंच इसाक,जेपी मेहला सरपंच प्रतिनिधि ,शुभम महेला,बलवान महेला,सतीश सरपंच म डा डो,राजेश शर्मा मंडल प्रधान इस्माईलाबाद, बलदेव शर्मा जलभेड़ा, सोमनाथ सिह सरपंच प्रतिनिधि ठसका मीराजी , मीना कुमारी सरपंच ठसका मीरा जी, बलवान सिह लीला मंडल प्रधान बाखली, चिरंजीवी गर्ग चेयरमैन नगरपालिका इस्माईलाबाद प्रतिनिधि, प्रदीप कुमार प्रधान गुरु रविदास सभा ठसका, बलदेव सिह ब्लाक समिति सदस्य ठसका मीरा जी, जिंदरपाल शर्मा ब्लाक समिति सदस्य आदि सेल्डम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

